सत्यमेव जयते

**असंशोधित**

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

## 28 जून, 2019

टर्न-1/आजाद

षोडश विधान सभा शुक्रवार, तिथि 28 जून, 2019 ई0
त्रयोदश सत्र 07 आषाढ़,1941(शक)

( कार्यवाही प्रारंभ होने का समय - 11.00 बजे पूर्वाह्न )

( इस अवसर पर अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया )

अध्यक्ष : अब सभा की कार्यवाही प्रारंभ की जाती है ।

प्रारंभिक कार्य

अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, षोडश बिहार विधान सभा के त्रयोदश सत्र के शुभारम्भ पर आप सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ ।

इस सत्र के दौरान कुल 21 बैठकें निर्धारित हैं, जिसमें 2019-20 के आय-व्ययक के व्यवस्थापन एवं अन्य वित्तीय कार्यों के अलावा राजकीय विधेयक एवं गैर-सरकारी संकल्प लिये जायेंगे ।

माननीय सदस्यगण, संसदीय प्रणाली में सरकार पर जनता का प्रभाव एवं नियंत्रण निरन्तर बना रहता है एवं जनहित के लिए अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण करना ही इसकी विशेषता होती है । नीतियों के निर्माण में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि ही सरकार गठन एवं इसके द्वारा नीतियों के निर्माण के लिए जिम्मेवार होते हैं । बहुमत द्वारा निर्णय लिया जाना तो एक क्रियाविधि है जो तब अपनायी जाती है जब आपसी मतभेद दूर करने के सभी उपाय असफल हो जाते हैं । वैसी परिस्थिति में बहुमत के निर्णय से ही कानून एवं नीतियों का निर्माण होता है । कानून ही सभ्य समाज की आधारशिला है एवं इसकी विशेषता होती है कि यह व्यक्तिपरक नहीं होता है । एक निश्चित अन्तराल के पश्चात् सरकार की कार्यशैली एवं विश्वसनीयता का परीक्षण चुनाव के माध्यम से होता है जिसमें जनता अपने निर्णय से भविष्य की दिशा तय करती है । इसलिए चुनाव की प्रक्रिया अपरिहार्य होती है और यह लोकतंत्र को समृद्ध और संवर्द्धित करती है ।

आपको विदित है कि वर्तमान सत्र अपेक्षाकृत लम्बा सत्र है । इसमें आप तमाम माननीय सदस्यों को बिहार की जनता के हित के मुद्दों के साथ अपने-अपने संबंधित

निर्वाचन क्षेत्रों की समस्याओं को भी उजागर कर उनके निराकरण के संभावनाओं पर विमर्श करने के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध होंगे । इस अवसर का सार्थक उपयोग कर जनता की समस्याओं का निराकरण ही जनतंत्र की खूबसूरती को बढ़ाएगा ।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस सत्र के सफल संचालन में आप सभी माननीय सदस्यों का सकारात्मक सहयोग निरन्तर प्राप्त होगा ।

## अध्यक्षीय घोषणा

माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम-66(1) परन्तुक के अधीन मुझे सदन को सूचित करना है कि षोडश बिहार विधान सभा के निम्नलिखित माननीय सदस्यों ने उनके नाम के सामने अंकित तिथि से सदन से अपने स्थान का त्याग कर दिया है : -

| क्र0सं0 | माननीय सदस्य का नाम | निर्वाचन क्षेत्र संख्या | त्याग करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1- | श्री दिनेश चन्द्र यादव | 76, सिमरी बख्तियारपुर | 29.05.2019 |
| 2- | श्री गिरिधारी यादव | 163, बेलहर | 29.05.2019 |
| 3- | डा0 मुहम्मद जावेद | 54, किशनगंज | 30.05.2019 |
| 4- | श्री अजय कुमार मंडल | 158, नाथनगर | 03.06.2019 |
| 5- | श्रीमती कविता सिंह | 109, दरौंदा | 04.06.2019 |

---------------------------------------------------------------------

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, षोडश बिहार विधान सभा में राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के माननीय सदस्य श्री ललन पासवान, क्षेत्र सं0-207, चेनारी (अ0जा0) एवं श्री सुधांशु शेखर, क्षेत्र सं0-31, हरलाखी द्वारा जनता दल यूनाइटेड में विलय किये जाने के अनुरोध पर भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के प्रावधान के अधीन जनता दल यूनाइटेड में विलय की मान्यता प्रदान कर दी गई है । अब श्री ललन पासवान, स0वि0स0 एवं श्री सुधांशु शेखर, स0वि0स0 जनता दल यूनाइटेड के सदस्य हैं ।

## अध्यासी सदस्यों का मनोनयन

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-12(1) के अधीन मैं निम्न सदस्यों को षोडश बिहार विधान सभा के त्रयोदश सत्र के लिए अध्यासी सदस्य मनोनीत करता हूँ :-

1- श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह - स0वि0स0

2- श्री मोहम्मद नेमतुल्लाह - स0वि0स0

3- श्री तार किशोर प्रसाद - स0वि0स0

4- डॉ0 अशोक कुमार - स0वि0स0

5- श्रीमती रंजू गीता - स0वि0स0

## समितियों का गठन

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-219(1) के अधीन मैं षोडश बिहार विधान सभा के त्रयोदश सत्र के लिए कार्य-मंत्रणा समिति का गठन निम्न प्रकार करता हूँ :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1- | अध्यक्ष, | बिहार विधान सभा | - सभापति |
| 2- | श्री नीतीश कुमार, | मुख्यमंत्री | - सदस्य |
| 3- | श्री सुशील कुमार मोदी | उप मुख्यमंत्री | - सदस्य |
| 4- | श्री श्रवण कुमार | मंत्री, संसदीय कार्य | - सदस्य |
| 5- | श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव | मंत्री, ऊर्जा | - सदस्य |
| 6- | श्री प्रेम कुमार, | मंत्री, कृषि | - सदस्य |
| 7- | श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, | नेता, विरोधी दल | - सदस्य |
| 8- | श्री सदानन्द सिंह, | स0वि0स0 | - सदस्य |

इसके अलावा निम्न माननीय सदस्य विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे ।

### विशेष आमंत्रित सदस्य

1- श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी - स0वि0स0

2- श्री महबूब आलम - स0वि0स0

3- श्री राजू तिवारी - स0वि0स0

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

## औपचारिक कार्य

बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा विगत सत्र में स्वीकृत तदुपरान्त राज्यपाल द्वारा अनुमत विधेयक के विवरण का सभा सचिव द्वारा पटल पर रखा जाना ।

अध्यक्ष : सभा सचिव ।

सभाा सचिव : महोदय, षोडश बिहार विधान सभा के द्वादश सत्र में उद्‌भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित निम्न 09 (नौ) विधेयकों का विवरण सदन पटल पर रखता हूँ जिसपर महामहिम राज्यपाल द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत अनुमति प्रदान की गयी है :-

| क्रमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | बिहार विनियोग विधेयक,2019 | 21.02.2019 |
| 2. | बिहार विनियोग (लेखानुदान)विधेयक, 2019 | 21.02.2019 |
| 3. | इन्दिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान(संशोधन)विधेयक, 2019 | 21.02.2019 |
| 4. | बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों तथा शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन में (आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए) आरक्षण विधेयक, 2019 | 23.02.2019 |
| 5. | बिहार भूमि सुधार (अधिकतम सीमा निर्धारण तथा अधिशेष भूमि अर्जन)(संशोधन) विधेयक, 2019 | 23.02.2019 |
| 6. | बिहार विद्यालय परीक्षा समिति(संशोधन)विधेयक, 2019 | 23.02.2019 |
| 7. | बिहार प्रारंभिक विद्यालय शिक्षा समिति(निरसन)विधेयक, 2019 | 23.02.2019 |
| 8. | बिहार अधिवक्ता कल्याण निधि (संशोधन)विधेयक, 2019 | 23.02.2019 |
| 9. | बिहार निजी विद्यालय (शुल्क विनियमन)विधेयक, 2019 | 23.02.2019 |

टर्न-2/शंभु/28.06.19

## शोक प्रकाश

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, कतिपय जननायकों के निधन की सूचना मिली है जिनके बारे में शोक प्रकट करना हमारा कर्त्तव्य है ।

### स्व0 रामलाल सिंह

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री रामलाल सिंह का निधन दिनांक 28 फरवरी, 2019 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 84 वर्ष की थी । स्व0 सिंह रोहतास जिला के भभुआ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1985 एवं 1995 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे साम्यवादी विचारधारा के व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दुखी हैं । ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

### स्व0 संजय कुमार

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री संजय कुमार का असामयिक निधन दिनांक 15 मार्च, 2019 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 40 वर्ष की थी । स्व0 कुमार वैशाली (हाजीपुर) जिला के राजापाकर (सुरक्षित) विधान सभा

निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 2010 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय रामसुन्दर दास के पुत्र थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दुखी हैं । ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्व0 अम्बिका प्रसाद

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री अम्बिका प्रसाद का निधन दिनांक 23 मार्च, 2019 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 89 वर्ष की थी । स्व0 प्रसाद भागलपुर जिला के पीरपैंती विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1967, 1969, 1972, 1977, 1990 एवं 1995 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे साम्यवादी विचारधारा के कट्टर समर्थक थे । वे समाज के शोषित पीड़ित एवं वंचित वर्ग के उत्थान हेतु सदैव संघर्षरत रहते थे । उनका जीवन सादगीपूर्ण था । हम उनके निधन से दुखी हैं । ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्व0 रमणिका गुप्ता

बिहार विधान सभा एवं बिहार विधान परिषद् के पूर्व सदस्य श्रीमती रमणिका गुप्ता का निधन दिनांक 26 मार्च, 2019 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 89 वर्ष की थी । स्व0 गुप्ता हजारीबाग जिला के मांडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1980 में बिहार विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुई थी । वे विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1972 से 1974 एवं 1976 से 1980 तक बिहार विधान परिषद् की सदस्य निर्वाचित हुई थी । साहित्य के प्रति उनकी गहरी रूचि थी । उन्होंने कई पुस्तकें लिखी है । हम उनके निधन से दुखी हैं । ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्व0 यमुना प्रसाद राम

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य एवं बिहार सरकार के पूर्व राज्यमंत्री श्री यमुना प्रसाद राम का निधन दिनांक 02 अप्रील, 2019 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 74 वर्ष की थी । स्व0 राम अररिया जिला के रानीगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1980, 1985 एवं 2000 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे बिहार सरकार में राज्यमंत्री भी रहे थे । वे मिलनसार व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दुखी हैं । ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्व0 महेश पासवान

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री महेश पासवान का निधन दिनांक 03 अप्रील, 2019 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 60 वर्ष की थी । स्व0 पासवान कटिहार जिला के कोढ़ा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 2000 एवं 2010 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे कर्मठ एवं लोकप्रिय व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दुखी हैं । ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्व0 महेन्द्र बैठा

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री महेन्द्र बैठा का निधन दिनांक 19 मई, 2019 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 67 वर्ष की थी । स्व0 बैठा वैशाली जिला के पातेपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1995, 2005 एवं 2010 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दुखी हैं । ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्व0 नीता चौधरी

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्रीमती नीता चौधरी का असामयिक निधन दिनांक 02 जून, 2019 को एक दुर्घटना में हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 57 वर्ष की थी । स्व0 चौधरी मुंगेर जिला के तारापुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 2010 में बिहार विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुई थी । वे एक नेकदिल और मिलनसार महिला थी । उनकी असामयिक निधन से हम सब दुखी हैं । ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

माननीय सदस्यगण, आप सब अवगत हैं कि इन दिनों एक अज्ञात बीमारी से मुजफ्फरपुर एवं अन्य जिलों में सैंकड़ों मासूम बच्चों का असामयिक निधन हो गया । चमकी बुखार यानी (एक्यूट इंसेफ्लाइटिस सिन्ड्रोम) की इस आपदा ने सैंकड़ों मासूमों की जान ले ली । इसके अलावा अन्य प्राकृतिक आपदाएं जैसे- भीषण गर्मी और लू तथा ठनका बिजली गिरने के कारण बिहार, गया और औरंगाबाद सहित विभिन्न जिलों में कई जानें गई है । हम सब इन घटनाओं से मर्माहत हैं । ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

अब हमलोग एक मिनट तक मौन खड़े होकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करें ।

(एक मिनट का मौन)

माननीय सदस्यगण, मैं अपनी तथा संपूर्ण सदन की ओर से शोक संतप्त परिवारों के पास संदेश भेजवा दूंगा ।

अब सभा की बैठक सोमवार दिनांक 01 जुलाई, 2019 को 11 बजे पूर्वा0 तक के लिए स्थगित की जाती है ।